हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 9 जून 2026

तापमान
अधिकतम 45.2 डिग्री से.
न्यूनतम 24.0 डिग्री से.

10 बोड़ाखेड़ा में पानी के अवैध कनेक्शनों पर कड़ी ...



10 मोदी के नेतृत्व में देश ने हासिल की ऐतिहासिक ...



**खबर संक्षेप**

### दोस्तों पर लोहे की रॉड व विंडो से किया हमला

**यमुनानगर।** यमुनानगर में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने दो दोस्तों पर लोहे की रॉड, विंडो और बेल्ट से हमला कर दिया। आजाद नगर निवासी अभिषेक यादव ने पुलिस को बताया कि उसका पहले अक्षित और भंवर से झगड़ा हुआ था, जिसके बाद वे उससे रंजिश रखने लगे। 6 जून को अभिषेक अपने दोस्त प्रिंस के साथ महाराणा प्रताप पार्क के पास पहुंचा तो अक्षित, भंवर, सन्नी चौहान और राहुल शेट्टी ने उन पर हमला कर दिया। दोनों के कंधे, बाजू, टांगों और सिर पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने मेडिकल शॉप से चुराई हजारों की नकदी

**यमुनानगर।** गांव अमादलपुर स्थित मेडिकल शॉप से चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर साढ़े 43 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने दुकान संचालक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। अमादलपुर निवासी सतपाल सिंह ने बूड़िया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव में ही मेडिकल की दुकान है। पांच जून को देर शाम वह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो दुकान का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान के गल्ले में रखी साढ़े 43 हजार रुपये की नकदी गायब मिली।

### युवक को विदेश भेजने के नाम पर हड़पे आठ लाख

**यमुनानगर।** यमुनानगर की रायपुर कॉलोनी निवासी पीयूष शर्मा से विदेश भेजने के नाम पर आठ लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीयूष ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाने की इच्छा रखता था, इसी दौरान उसकी मुलाकात पुरुषोत्तम नामक युवक से हुई, जिसने खुद को विदेश भेजने का एजेंट बताया। आरोपी ने जून 2025 से मई 2026 के बीच अलग-अलग किस्तों में उससे आठ लाख रुपये ले लिए, लेकिन न तो उसे विदेश भेजा और न ही पैसे लौटाए। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** लोहगढ़ गांव स्थित एक जूस मशीन बनाने वाली फैक्ट्री में घुसे चोर को फैक्ट्री मालिक व



उसके दोस्तों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। तीन दिन से लगातार हो रही चोरी के कारण मालिक ने पहरा लगाया था। जैसे ही चोर मालिक को देखकर भागने की कोशिश करने लगा तो मिक्सी क्लस्टर की दीवार से गिरकर बेसुध हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोर को काबू कर नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। पुलिस ने मालिक की शिकायत पर रविदास नगर के मोनू पर केस दर्ज किया है।

### दूसरी शादी कर 15 लाख हड़पने का आरोप

**अंबाला।** अंबाला में एक महिला डेंटल सर्जन ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जोधपुर की मालवीय नगर निवासी डॉक्टर ने शिकायत दी कि नवंबर 2025 में उनकी मुलाकात मेट्रिमोनियल साइट के जरिए अंबाला छावनी के हरीश कुमार से हुई थी। आरोपी ने खुद को अविवाहित बताकर जनवरी में मंदिर में शादी कर ली। बाद में पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है। महिला का आरोप है कि उसने झांसा देकर उससे करीब 15 लाख रुपये भी हड़प लिए और विरोध करने पर मारपीट की। साथ ही जबरन गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## सीएम नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से सोमनाथ के लिए 1100 से अधिक श्रद्धालुओं की विशेष ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

सोमनाथ मंदिर भारत के स्वाभिमान, आस्था और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक

# तीर्थ यात्राएं संस्कृति, संस्कार और समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम

■ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीर्थ स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों और धार्मिक विरासत के संरक्षण को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सोमनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं से मिलते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।





कुरुक्षेत्र। श्रद्धालुओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तीर्थ यात्राएं समाज को जोड़ने का महान माध्यम होती हैं। ये यात्राएं हमारी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, संस्कृति और संस्कारों से जोड़ती हैं। जब कोई श्रद्धालु तीर्थ स्थानों पर जाता है, तो वह अपने भीतर नई ऊर्जा, प्रेरणा और नई चेतना लेकर लौटता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र से सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। ट्रेन में 1100 से अधिक श्रद्धालु जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी संतगणों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ब्रह्मसरोवर स्थित श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मई को प्रधानमंत्री सबसे लम्बे समय तक देश की सेवा करने वाले प्रथम प्रधानमंत्री बन जाएगें। प्रधानमंत्री ने 2014 में देश का नेतृत्व संभाला तब से भारत को नई दिशा देने का कार्य किया है। बुजुर्गों के लिए सोमनाथ की सुखद यात्रा प्रधानमंत्री का आशीर्वाद है। प्रधानमंत्री ने हमारे अनेक तीर्थों का जीर्णोद्धार करवाया है। हम सब श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पर्व के साक्षी रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ धाम का दिव्य और भव्य स्वरूप भी सामने आया है, जिससे प्राचीन काशी की गरिमा पुनः जीवित हुई है। आज देशभर के तीर्थ स्थलों का विकास, चारधाम परियोजना, प्रसाद योजना और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के माध्यम से भारत अपनी जड़ों से जुड़ रहा है और यह नए भारत का वह कालखंड है, जहां विकास और विरासत साथ-साथ चल रहे हैं।

### भगवान शिव संपूर्ण मानवता के प्रेरणास्रोत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन भारत की सनातन संस्कृति संतुलन, करुणा और मानवता का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव केवल भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के प्रेरणास्रोत हैं। शिव त्याग, तपस्या, सेवा और संरक्षण का संदेश देते हैं तथा सिखाते हैं कि शक्ति का उपयोग सृजन और कल्याण के लिए होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी देशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना करते हुए यात्रा की सफलता की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान भोलेनाथ के श्रीचरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि उनकी कृपा हरियाणा के हर परिवार, किसान, युवा, माता-बहन तथा समस्त देशवासियों पर बनी रहे। य

### आस्था को तलवारों से नहीं मिटाया जा सकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का इतिहास भारत की धैर्यगाथा का रहा है। यह मंदिर अनेक बार टूटा और लूटा गया। लेकिन हर बार दोगुनी साहस के साथ उठ खड़ा हुआ। इतिहास गवाह है कि जब-जब सोमनाथ पर प्रहार हुआ, तब-तब पूरे देश की आत्मा आहत हुई। लेकिन हर बार राष्ट्र ने यह सिद्ध किया कि हमारी आस्था को तलवारों से नहीं मिटाया जा सकता। उन्होंने कहा कि जब सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण व स्वतंत्र भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का उद्घोष हुआ तब लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने मंदिर निर्माण को राष्ट्रीय निर्माण की पुनर्स्थापना बताया। जिसने राष्ट्र को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश भर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। यह पर्व जनवरी 2027 तक चलेगा।

---

## कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी के 3 डिब्बे डिरेल

बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त, कई ट्रेनें लेट



कुरुक्षेत्र। पटरी से नीचे उतरे डिब्बे। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-5 के पास सोमवार को एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर जाने से अफरा-तफरी मच गई। हादसा उस समय हुआ जब स्टेशन पर सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के तहत विशेष ट्रेन को रवाना करने की तैयारियां चल रही थीं और सीएम सैनी के आगमन का कार्यक्रम निर्धारित था। जानकारी के अनुसार मालगाड़ी अडानी साइलो ढांड (कैथल) की ओर जा रही थी। सीएम के कार्यक्रम स्थल से करीब 500 मीटर दूर हुए इस हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, इंजीनियरिंग और तकनीकी टीमें मौके पर पहुंच गईं।रेलवे कर्मचारियों के अनुसार मालगाड़ी में कुल 50 डिब्बे थे, जिनमें से बीच के तीन डिब्बे डिरेल हो गए। आगे के 19 डिब्बों को गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया, जबकि शेष 31 डिब्बे स्टेशन पर खड़े रहे। हादसे में रेलवे ट्रैक के समीप लगे कई बिजली के खंभे और तार भी क्षतिग्रस्त हो गए। कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा और कुछ ट्रेनें विलंबित रहीं। ट्रैक की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

**स्टेशन पर चल रहा था सीएम का कार्यक्रम**

हादसे के समय कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कार्यक्रम प्रस्तावित था, जहां उन्हें सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखानी थी। मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने के कारण सोमनाथ जाने वाली ट्रेन को भी कुछ समय के लिए रोका गया। बाद में मुख्यमंत्री ने निर्धारित कार्यक्रम के तहत ट्रेन को रवाना किया। मालगाड़ी लगभग दोपहर 12 बजे डिरेल हुई, जबकि मुख्यमंत्री करीब 1 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

---

### यात्रियों को राहत, कालका बद्दी के लिए एसी बसों के बढ़ाए जाएंगे फेरे

■ कालका रूट पर बढ़कर 18 हुई इलेक्ट्रिक बसें, दो शिफ्टों में हो रहा संचालन

**अंबाला।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए परिवहन विभाग ने इलेक्ट्रिक बस सेवाओं का विस्तार किया है। अब कालका मार्ग पर बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं, वहीं हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के लिए भी दो नई इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया गया है। इस फैसले से दैनिक यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों और प्रवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर हिमाचल की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो आगे बद्दी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में काम के लिए जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए बद्दी रूट पर सुबह 05:10 बजे और 11:00 बजे दो बसों का संचालन शुरू किया गया है।इसके अलावा कालका मार्ग पर भी इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाकर 18 कर दी गई है, जो दो शिफ्टों में संचालित हो रही हैं।

### हाईटेंशन तारों की चपेट में आने से तकनीशियन की मौत

■ व्यासपुर में दुकान पर सीसीटीवी कैमरों की फिटिंग के दौरान हुआ हादसा

**यमुनानगर।** व्यासपुर स्थित गणपति कान्वेंट स्कूल के सामने एक दुकान में सीसीटीवी कैमरों की फिटिंग करते समय दर्दनाक हादसा हो गया। दुकान के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन बिजली की तारों की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव धौलरा निवासी शिवकुमार के रूप में हुई है, जो सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता था।गांव भोगपुर निवासी अतुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शिवकुमार 6 जून को मोंटू वर्मा की दुकान पर कैमरों की फिटिंग कर रहा था, तभी वह हाई टेंशन तारों की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने दुकानदार प्रिंस कुमार और मोंटू वर्मा पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ससुराल में रह रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में ससुराल में रह रहे 37 वर्षीय युवक लखन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लखन मूल रूप से दिल्ली के तिलक नगर का निवासी था और पिछले कई वर्षों से अपनी ससुराल में रह रहा था। बताया गया कि वह रात को अपने कमरे में सोने गया था, लेकिन सुबह मृत अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर दिल्ली से पहुंचे परिजनों ने उसकी मौत पर संदेह जताया है।लखन की पत्नी पूजा ने बताया कि वह पिछले 7-8 वर्षों से नशा करता था और संभवतः नशे के कारण उसकी मौत हुई हो। लखन की शादी करीब 15 वर्ष पहले करनाल के इंद्री निवासी पूजा से हुई थी। उनके पांच बच्चे हैं। मृतक के बड़े भाई अमर ने बताया कि उन्हें रात में फोन पर मौत की सूचना मिली, जिसके बाद वे परिवार सहित कुरुक्षेत्र पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा रिपोर्ट आने के बाद होगा।

## पानीपत में इलेक्ट्रीशियन की संदिग्ध हालत में मौत

■ घर पर खून से लथपथ शव मिला, गले में लिपटा था कपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव गढ़ सरनाई में 38 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन मदन सैनी रविवार की आधी रात खून से लथपथ हालत में फर्श पर पडा मिला। मदन के गले में कपडा लिपटा हुआ था। परिजन, मदन को लेकर पानीपत के सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि जब परिजनों ने मदन को फर्श पर पडे देखा तो उनके शरीर से तेजी से खून बह रहा था और उसकी सांसें चल रही थी। इधर, पुलिस ने मदन की मौत के सही कारण जानने के लिए उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया है। मदन सैनी शांत रहने वाला व्यक्ति था और उसका किसी के साथ कोई मनमुटाव या रंजिश नहीं थी। मदन अपने पीछे दो बेटियों और एक बेटे सहित पूरे हंसते-खेलते परिवार को रोता-बिलखता छोड़ गया। इधर, मदन का भाई दिनेश सीबीआई में तैनात है। दूसरी ओर, पुलिस ने मदन की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अवैध खनन पर शिकंजा, 8 वाहन सीज

■ ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के उल्लंघन पर 3.47 लाख के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम जगाधरी विश्नाथ के नेतृत्व में जिले में अभियान चलाकर अवैध खनन में संलिप्त आठ वाहनों को सीज किया गया। वहीं, ओवरलोडिंग तथा यातायात नियमों की उल्लंघना करने के मामलों में तीन लाख 47 हजार रुपये के चालान किए गए। एसडीएम विश्वनाथ ने बताया कि अवैध खनन के मामलों में नियमानुसार जुर्माना लगाने एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित मामलों की सूचना खनन विभाग को भेज दी गई है। इसके अतिरिक्त जीएसटी चोरी की संभावनाओं को देखते हुए नियमानुसार कार्रवाई हेतु जीएसटी विभाग को भी सूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन, ओवरलोडिंग तथा राजस्व हानि पहुंचाने वाली गतिविधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य अवैध खनन एवं परिवहन की गतिविधियों शून्य करना है।

---

### विवि में यूएचवी से जुड़े प्रशिक्षण, कार्यशालाओं और जागरूकता कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा

*एआईसीटीई के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. मुंशी यादव ने श्री कृष्ण आयुष विवि किया का दौरा*

## सत्य, प्रेम और करुणा आधारित शिक्षा से होगा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास : प्रो. धीमान

■ शिक्षा में मानवीय मूल्यों के समावेश और यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यू कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज (यूएचवी) पहल के तहत उत्तर एवं पश्चिम जोन के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. मुंशी यादव ने सोमवार को श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान तथा कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान शिक्षा में मानवीय मूल्यों के समावेश, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा विश्वविद्यालय में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रो. मुंशी यादव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि जिम्मेदार, संवेदनशील और मूल्यनिष्ठ नागरिक तैयार करना भी है। शिक्षा के साथ नैतिक और मानवीय मूल्यों का समावेश विद्यार्थियों को बेहतर नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि मूल्य-आधारित शिक्षा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की मजबूत आधारशिला है। सत्य, प्रेम और करुणा जैसे मानवीय मूल्यों से युक्त उच्च शिक्षा का भाव शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय भी इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ रहा है तथा भविष्य में एआईसीटीई के सहयोग से विश्वविद्यालय में कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए यूएचवी से संबंधित प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। बैठक में भविष्य में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा विद्यार्थियों में नैतिक, सामाजिक और मानवीय चेतना के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## 1185 नशीली गोलियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

■ पुलिस नशा तस्करी नेटवर्क और सप्लाई चेन की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल पुलिस की सीआईए असंध टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक योगेश कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 1185 नशीली एल्प्राजोलम गोलियां तथा तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति क्षेत्र में नशीली दवाओं की सप्लाई कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विरेन्द्र सिंह उर्फ ब्रिन्दु, निवासी वार्ड नंबर-10, असंध को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से बिना लाइसेंस और परमिट के भारी मात्रा में नशीली गोलियां मिलीं।इस संबंध में थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर पूरे नशा तस्करी नेटवर्क का पता लगाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### पार्क नंबर-14 में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

**करनाल।** वार्ड नंबर-10 स्थित पार्क नंबर-14 में सोमवार को भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद गौरव नागपाल ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



### दलियानपुर में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**करनाल।** मानवता जन शक्ति फाउंडेशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को गांव दलियानपुर की रोड चौपाल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं डीएलएसए सचिव मीनाक्षी यादव के मार्गदर्शन में लगाया गया। शिविर में पहुंचे लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ स्त्री रोग, दंत रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य बीमारियों की जांच की गई। जांच के बाद मरीजों को आवश्यक परामर्श देने के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में उजाला सिग्नस अस्पताल, अमृतधारा अस्पताल, अरोड़ा आई सेंटर सहित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों ने सहयोग किया।

### 50 से अधिक प्रतिष्ठानों को नोटिस, कोचिंग सेंटर में मॉक ड्रिल

# दिल्ली अग्निकांड से सबक फायर विभाग ने बढ़ाई सख्ती

*फायर विभाग ने जांच के लिए चार विशेष टीमें गठित कीं, होटल रेस्टोरेंट, अस्पताल, बैंक्वेट हॉल और कोचिंग सेंटरों की हो रही जांच*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

देश की राजधानी दिल्ली में हाल ही में हुए बड़े अग्निकांड से सबक लेते हुए फायर विभाग ने जिलेभर में फायर सेफ्टी को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। जिला फायर विभाग ने जांच के लिए चार अलग-अलग टीमें बनाई हैं, जो शहर और आसपास के इलाकों में होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल, बैंक्वेट हॉल और कोचिंग सेंटरों की बारीकी से जांच कर रही हैं। इस अभियान के तहत पिछले दो दिनों में ही 50 से अधिक होटल और रेस्टोरेंट को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। विभाग ने साफ कर दिया है कि नियमों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिन संस्थानों में फायर एनओसी नहीं मिली या उपकरण सही हालत में नहीं पाए गए, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सब फायर ऑफिसर रणदीप चौहान ने बताया कि जिन संस्थानों के पास फायर एनओसी है, वहां भी जांच केवल कागजों तक सीमित नहीं रखी जा रही है। मौके पर ही उपकरणों को चालू करवाकर उनकी कार्यक्षमता जांची जा रही है। जांच के दौरान कई जगह उपकरण तो लगे मिले, लेकिन वे सही तरीके से काम नहीं कर रहे थे। इसके अलावा बैंक्वेट हॉलों में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम, अलार्म सिस्टम और आपातकालीन निकासी व्यवस्था में भी खामियां मिली हैं, जिन्हें जल्द ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं।



#### मॉक ड्रिल से छात्रों को आग बुझाना सिखाया

इसी कड़ी में फायर सेफ्टी को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए सेक्टर 6 स्थित जेनेसिस शिक्षण संस्थान में विभाग के अधिकारी सुधीर नेवट ने अपनी टीम के साथ मॉक ड्रिल का आयोजन किया। टीम द्वारा सबसे पहले संस्थान में जाकर फायर उपकरणों की जांच की गई और विभाग से एनओसी मांगी गई। दस्तावेजों की जांच के बाद टीम द्वारा संस्थान में मौजूद बच्चों और स्टाफ को आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सही कदम उठाने और सुरक्षित बाहर निकलने के तरीकों की जानकारी दी गई। बाद में मौके पर आग लगाकर बच्चों व स्टाफ से फायर उपकरणों के जरिए आग बुझवाई गई और उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं का जत्था सोमनाथ रवाना

- वरिष्ठ नागरिकों से भरी विशेष रेलगाड़ी को महापौर ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत करनाल से पवित्र सोमनाथ धाम के लिए निःशुल्क विशेष रेल यात्रा का सोमवार को भव्य शुभारंभ किया गया। करनाल रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर रेणु बाला गुप्ता और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने श्रद्धालुओं से भरी विशेष रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस योजना के माध्यम से बुजुर्ग श्रद्धालुओं को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर सम्मानजनक और सुविधाजनक वातावरण में उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है तथा वरिष्ठ नागरिकों की आध्यात्मिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। तीर्थ यात्राएं भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं का अभिन्न हिस्सा हैं, जो लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करती हैं।

महापौर ने बताया कि इस यात्रा के दौरान करनाल के श्रद्धालु 12 जून तक सोमनाथ धाम में भगवान श्री सोमनाथ महादेव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

## विद्यालक्ष्मी योजना से आर्थिक बाधाएं होंगी दूर, मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा महेंद्र सिंह बागी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक संसाधनों की कमी किसी भी विद्यार्थी की उच्च शिक्षा के मार्ग में बाधा नहीं बननी चाहिए। भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस योजना की पात्रता एवं शर्तों की जानकारी प्राप्त कर इसका अधिकतम लाभ उठाएं तथा अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करें। उन्होने बताया कि योजना से संबंधित



**इंद्री।** विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी।

विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। विद्यार्थी वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से योजना के विभिन्न प्रावधानों, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा वित्तीय सहायता संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना विद्यार्थियों के समक्ष उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आने वाली वित्तीय बाधाओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह व प्राध्यापिका डॉ. मीनाक्षी ने प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के उद्देश्यों, लाभों तथा आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।



**इंद्री।** नगर पालिका सचिव को ज्ञापन सौंपते दुकानदार ।

### इंद्री के वार्ड 7 मे दुकानों के पास नाला नहीं बनने से दुकानदारों को करना पड रहा है परेशानी का सामना

**इंद्री।** इंद्री के वार्ड नंबर 7 स्थित वाल्मीकि मंदिर की दुकानों के पास पिछले करीब एक वर्ष से नाला नहीं बनने के कारण गंदा पानी जमा होने से दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में दुकानदार नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और नपा सचिव को ज्ञापन सौंपकर नाला बनवाने की मांग की । दुकानदार सोमपाल रोहिला, हरीश कुमार, अभिषेक, कृष्ण, सुशील कुमार, ईशम सिंह, विजय कुमार, प्रदीप, समीर व राजीव ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और नया नाला बनाने के लिए पुराने नाले को तोड दिया गया था। उस समय जल्द ही नया नाला बनाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक न तो नाले की पाइपलाइन को दुरुस्त किया गया और न ही नया नाला बनाया गया।

## महापौर ने सुनीं समस्याएं, महिला सशक्तिकरण पर किया मंथन

- **महापौर की पहल:** जन समस्याओं के समाधान से लेकर महिला सशक्तिकरण और वरिष्ठजनों के सम्मान तक कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय एवं अपने निवास स्थान पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिक सुविधाओं, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई। दिनभर आयोजित कार्यक्रमों में जन सुनवाई, हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया के साथ बैठक तथा नगर निगम के वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ संवाद प्रमुख रूप से शामिल रहे।



**करनाल।** वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ संवाद करतीं महापौर रेणु बाला गुप्ता।

नगर निगम कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं। इनमें मरम्मत कार्य, स्ट्रीट लाइटों की खराब व्यवस्था, सीवरेज निकासी और पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। महापौर ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे मौके पर जाकर समस्याओं का निरीक्षण करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका समाधान करें।

#### वरिष्ठों के सुझाव सुने

स्वच्छता को लेकर भी महापौर ने विशेष जोर दिया। उन्होंने नागरिकों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर के निर्माण में नगर निगम के साथ-साथ नागरिकों की भी समान भागीदारी आवश्यक है। इसी क्रम में महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने अपने निवास स्थान पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनकी भागीदारी को और अधिक मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। महापौर ने कहा कि रेणु भाटिया का मार्गदर्शन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है तथा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए उनके प्रयास सराहनीय हैं। वहीं रेणु भाटिया ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण एक मजबूत और संवेदनशील समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराना समय की मांग है। उन्होंने करनाल में महिला उत्थान और सामाजिक विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। दिन के तीसरे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में महापौर ने नगर निगम के वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ चाय पर चर्चा कर उनके अनुभवों और सुझावों को सुना।

## नशा मुक्ति व विधिक सेवाओं पर कार्यशाला

- सिविल अस्पताल में पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वालंटियर्स को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सिविल अस्पताल के सहयोग से पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर्स के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने की।

कार्यशाला में मीनाक्षी यादव ने पैनल अधिवक्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की तथा उनके समाधान संबंधी सुझाव दिए। इस दौरान डॉ. मनीष गोयल और डॉ. विकास ने मानसिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नशा निषेध केंद्र की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए सिविल अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया।



**करनाल।** कार्यशाला के दौरान पैनल अधिवक्ताओं और अधिकारियों को संबोधित करतीं सीजेएम मीनाक्षी यादव।

काउंसलर हर्ष वत्स ने नशा निषेध केंद्र की सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा पीड़ित व्यक्ति उचित उपचार के माध्यम से नशे से मुक्त होकर बेहतर जीवन की शुरुआत कर सकता है। उन्होंने लोगों से नशा पीड़ितों को उपचार के लिए प्रेरित करने और सिविल अस्पताल में उपलब्ध निशुल्क सुविधाओं की जानकारी देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सीजेएम मीनाक्षी यादव ने विडो सेल, बचपन बचाओ तथा हिट एंड रन मामलों से जुड़े विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की।



### कांग्रेस सेवादल में जितेंद्र कुमार फौजी को मिली नई जिम्मेदारी

**करनाल।** कांग्रेस सेवादल की करनाल इकाई का विस्तार करते हुए जितेंद्र कुमार फौजी को वार्ड नंबर-दो का प्रधान नियुक्त किया गया है। जिला प्रधान अनिल शर्मा और प्रदेश महासचिव जसबीर पन्नु के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मान कॉलोनी पहुंचकर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति के बाद जितेंद्र कुमार फौजी ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह कांग्रेस सेवादल के सिद्धांतों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की गतिविधियों को वार्ड स्तर पर मजबूत किया जाएगा तथा युवाओं और आम लोगों को कांग्रेस सेवादल के इतिहास एवं कार्यों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा और समाज के विभिन्न वर्गों को कांग्रेस सेवादल से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## 190 से अधिक बच्चे निखार रहे प्रतिभा

- आर्ट एंड क्राफ्ट, योग, नृत्य और अबेकस गतिविधियों में ले रहे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर-2026 में बच्चों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बाल भवन के नए भवन में 1 जून से 30 जून तक चल रहे इस शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे विभिन्न गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। शिविर में 5 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को योग्य प्रशिक्षकों द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट, योगा, नृत्य एवं अबेकस का



**करनाल।** ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते बच्चे।

प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने बताया कि अब तक लगभग 190 बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के लिए पंजीकरण करवाया है। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होने वाली इन रुचि कक्षाओं में बच्चे खेल-खेल में अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में आने वाले सभी बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई है। गर्मी को देखते हुए शरबत की छबील भी लगाई गई है। सोमवार को बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था श्री अग्रकुल सेवा संस्था द्वारा की गई। संस्था पिछले कई वर्षों से सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। सोमवार को आयोजित गतिविधियों में 190 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## महान चिंतकों के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : डॉ. चौहान

- नीलोखेड़ी के इतिहास और विकास यात्रा से विद्यार्थियों को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में दयाल सिंह कॉलेज करनाल के विद्यार्थियों के लिए आयोजित 30 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को भारतीय चिंतन, संस्कृति और नीलोखेड़ी के इतिहास से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति को समझने के लिए आचार्य चाणक्य, महाराज मनु, डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महान विचारकों के सिद्धांतों का अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन महान व्यक्तित्वों के विचार आज भी समाज, प्रशासन



**नीलोखेड़ी।** इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान।

और व्यक्तिगत जीवन में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों से उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

डॉ. चौहान ने नीलोखेड़ी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश विभाजन के बाद विस्थापित लोगों के पुनर्वास के उद्देश्य से इस नगर की स्थापना की गई थी। उस समय पुनर्वास कार्य की जिम्मेदारी एस.के. डे के पास थी, जिन्होंने लोगों को रोजगार से जोड़ते हुए नीलोखेड़ी को विकसित किया। बाद में यह परियोजना देशभर में पुनर्वास और सामुदायिक विकास का आदर्श मॉडल बनी।

उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में नीलोखेड़ी उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी शहर के वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत कर नीलोखेड़ी के इतिहास और विकास से जुड़ी यादों को संकलित करेंगे। इसके आधार पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी तैयार की जाएगी।

### अभद्र व्यवहार से परेशान महिलाएं पहुंचीं सचिवालय

## मनरेगा महिला मजदूरों ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

काछवा गांव में मनरेगा के तहत कार्यरत महिला मजदूरों ने कथित मेट और पंचायत सदस्य पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिलाओं का कहना है कि उनसे अभद्र व्यवहार किया जाता है, दिहाड़ी में से रिश्वत मांगी जाती है और विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। परेशान होकर महिलाओं ने जिला सचिवालय पहुंचकर उपायुक्त को शिकायत सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने बताया कि मनरेगा के तहत उन्हें करीब 400 रुपये प्रतिदिन की दिहाड़ी मिलती है, लेकिन इसमें से कथित तौर पर पैसे देने का दबाव बनाया जाता है। उनका आरोप है कि पंचायत से जुड़े कुछ लोग उनसे अनुचित तरीके से पेश आते हैं और लगातार मानसिक दबाव बनाते हैं।



महिलाओं का कहना है कि उनसे मनरेगा के कार्यों के अलावा निजी काम भी करवाए जाते हैं। कभी ईंट ढुलवाने, कभी घास कटवाने और कभी मकानों में मिट्टी चढ़ाने जैसे कार्य कराए जाते हैं, जो मनरेगा के दायरे में नहीं आते। उन्होंने आरोप लगाया कि एक मकान की तीसरी मंजिल तक मिट्टी चढ़वाने का काम भी मजदूरों से कराया गया।

#### विरोध करने पर मिलती है धमकी

महिला मजदूरों का कहना है कि जब वे इन बातों का विरोध करती हैं तो उन्हें काम से हटाने की धमकी दी जाती है। इससे मजदूर महिलाओं में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में गांव के सरपंच को भी शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

#### डीसी से की हस्तक्षेप की मांग

लगातार हो रही परेशानियों से तंग आकर महिला मजदूर करनाल पहुंचीं और उपायुक्त को अपनी शिकायत सौंपी। महिलाओं ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और भविष्य में किसी भी मजदूर के साथ इस प्रकार का व्यवहार न हो।

## खबर संक्षेप

### अवैध देसी पिस्तौल आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस ने अभिषेक उर्फ शेखू पुत्र सतबीर निवासी गांव निम्बरी जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी अभिषेक के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में केस दर्ज करवाया है।

### अमित ने ब्रॉन्ज मेडल जीता

**पानीपत।** गांव मतलौडा निवासी 34 वर्षीय अमित कुमार ने मलेशिया में आयोजित इंटरनेशनल पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता है। वहीं, अमित का गांव मतलौडा में पहुंचने पर ग्रामीणों ने परिजनों के साथ जोरदार स्वागत किया।

### नारायणा के पास नहर से मिला अज्ञात का शव

**पानीपत।** गांव नारायणा के पास नहर से सोमवार को व्यक्ति का शव मिला। ग्रामीणों ने शव को नहर से बाहर निकाला और पुलिस को इसकी दी। मृतक की पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

### किशोर नहर में लापता पुलिस कर रही तलाश

**पानीपत।** गांव सिठाना के पास से बह रही नहर में नहाने के दौरान 17 वर्षीय रोहित पुत्र अशोक कुमार निवासी गांव रजापुर जिला पानीपत स्नान करते हुए पानी में लापता हो गया। वहीं, साथ में स्नान कर रहे दोस्तों अंकित व हिमांशु ने उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन रोहित पानी में लापता हो गया। परिजन, पुलिस की मदद से रोहित की तलाश कर रहे है।

### एसडी पीजी कालेज में लघु उद्यमी सम्मेलन आज

**पानीपत।** लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित लघु उद्यमी सम्मेलन का आयोजन एसडी पीजी कालेज में मंगलवार को होगा। सम्मेलन में अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश, अरविंद धूमल उपाध्यक्ष एवं समन्वयक उत्तरी क्षेत्र, शुभ आदेश मित्तल, रमन सलूजा, अरुण बजाज, मनोज आदि उपस्थित रहे।

### सत्य की राह पर चलने से ही मिलता है सुख

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर, मॉडल टाउन में चल रही पुरुषोत्तम मास मलमास कथा का 23वें दिन कथा वाचक पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने बताया कि सत्य की राह पर चलने से ही सुख मिलता है। जबकि मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने कहा कि हर नागरिक को अपने समर्थ के अनुसार दानपुण्य करना चाहिए।

### एसडीएम को सौंपा शिकायत एव मांग पत्र

**समालखा।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन जिला कमेटी पानीपत के नेतृत्व में सनौली खुर्द ब्लॉक के झांबा गांव की महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती में बिजली, पानी, गली, नाली जैसी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए एसडीएम को शिकायत एवं मांग पत्र दिया गया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दो दिवसीय कार्यशाला

**पानीपत।** आईबी पीजी कालेज के योग क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का द्वितीय दिवस ऑनलाइन माध्यम से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. पूजा शर्मा ने विद्यार्थियों को योग, ध्यान एवं प्राणायाम की विस्तार से जानकारी दी।

### 30 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने दो युवकों को विदेश भेजने के नाम पर 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी अनिल मूल निवासी गांव चिमनी जिला झज्जर हाल निवासी खरखौदा, जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है।

# भाषाओं का ज्ञान लेकर अनुवाद के क्षेत्र में करियर बनाएं विद्यार्थी: कमल

## कमल कंप्यूटर सेंटर में हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के तहसील कैंप स्थित कमल कंप्यूटर सेंटर में सोमवार को अंग्रेजी सीखने वाले बच्चों को हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद करने के लिए परीक्षा हुई। जिसमें लिवांषी कपूर प्रथम, कशिश शर्मा द्वितीय व संजना झन्झोत्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सेंटर के निदेशक कमल नयन वर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि भाषाई अनुवाद विश्वस्तर पर है और रोजगार देने वाला विस्तृत क्षेत्र है। युवाओं को अंग्रेजी, हिंदी आदि भाषाओं का ज्ञान लेकर अनुवाद के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहिए, इस क्षेत्र में अच्छी खासी आय होती है।



**पानीपत।** कमल कम्प्यूटर सेन्टर के निर्देशक कमल नयन वर्मा बच्चों को मेडल देकर उनका हौसला बढ़ाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# सोमनाथ दर्शन को श्रद्धालुओं की विशेष ट्रेन रवाना

## मेयर कोमल व भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत सोमवार को पानीपत रेलवे स्टेशन से 150 श्रद्धालुओं को निःशुल्क रेल यात्रा पर रवाना किया गया, इनमें से 64 यात्री पानीपत से हैं बाकि हांसी, हिसार और जीन्द जिला से सम्बंधित हैं। इस विशेष ट्रेन को कुरुक्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जोकि सोमनाथ के लिए प्रस्थान कर रही है। यात्रा 8 जून से 12 जून तक निर्धारित है। मेयर कोमल सैनी व भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। अतिथियों ने यात्रियों का अभिनंदन किया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक और सांस्कृति विरासत के संरक्षण के लिए केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही है। तीर्थ यात्राएं समाज को जोड़ने का माध्यम होती है। सोमनाथ के दर्शन करने से यात्रियों के अंदर नई चेतना और ऊर्जा का संचार भी होगा। मौके पर डीआईपीआरओ सुनील बसताडा, सीएम विंडों एमिनेंट पर्सन आरडी कल्याण, उप स्टेशन अधीक्षक मनीष आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** श्रद्धालुओं की ट्रेन को रवाना करते मेयर कोमल व भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

## आर्य बाल भारती स्कूल में मेधावी बच्चे नि:शुल्क शिक्षित हो सकेंगे

# धन की कमी से किसी बच्चे को अशिक्षित नहीं रहने देंगे: आर्य

समाज के सक्षम लोगों और संस्थाओं के सहयोग से जरूरतमंद एवं होनहार बच्चों के सपनों को नई उड़ान दी जा सकती है



**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति के सदस्य आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

गरीब परिवार सहायता समिति के सदस्य आर्य बाल भारती स्कूल में पहुंचे जहां स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान से मुलाकात की। इस दौरान जानकारी मिली कि मेधावी छात्र अधर्व जिसने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं वह स्कूल प्रबंधन द्वारा निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। यह पहल उन प्रतिभाशाली बच्चों के लिए एक प्रेरणा है जो अपनी मेहनत और लगन के बल पर आगे बढ़ना चाहते हैं। गरीब परिवार सहायता समिति के सदस्य पूर्व मेयर अवनीत कौर एवं भाजपा के मीडिया प्रभारी ओमदत्त ने स्कूल प्रबंधन एवं चेयरमैन रणदीप कादियान का आभार व्यक्त किया। समिति का मानना है कि समाज के सक्षम लोगों और संस्थाओं के सहयोग से जरूरतमंद एवं होनहार बच्चों के सपनों को नई उड़ान दी जा सकती है। छात्र अधर्व के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि वह शिक्षा के क्षेत्र में नई उंचाइयों को प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और समाज का नाम रोशन करेगा। गरीब परिवार सहायता समिति ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी।

# भागवत कथा श्रवण से अज्ञानता नष्ट होती है: आचार्य लालमणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आचार्य लालमणि पांड्ये ने श्रीमद् भागवत कथा करते हुए कहा कि भागवत कथा सूर्य के समान है जैसे सूर्य के उदय होने से अंधकार का नाश होता है वैसे ही भागवत कथा श्रवण से अज्ञान, अंधकार नष्ट हो जाता है। भागवत कथा सिंह के समान है जैसे सिंह की गर्जना से हिरण भाग जाते हैं वैसे ही भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर, क्लप-कल्पान्नर, युग-युगांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। कई जन्मों के पुण्य के प्रभाव से ही भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। भगवान का परिचय 3 तरह से होता है। जिसमें नं.एक स्वरूप परिचय,दो समर्थ परिचय, तीन स्वभाव परिचय है। संसार में तीन चीज दुर्लभ है नं. एक मनुष्यता, दो जिज्ञासा,तीन महापुरुषों का संग -भागवत कथा श्रवण से धुंधकारी का उद्धार,भागवत कथा पठन से आत्मदेव जी को मोक्ष पद प्राप्त एवं भागवत कथा कथन से भक्त गोकर्ण जी का कल्याण-भगवान का पद प्राप्त हुआ।



**पानीपत।** भागवत कथा से पूर्व महिलाएं कलश धारण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आईटीआई में योगा किया

**पानीपत।** महर्षि कश्यप राजकीय बहुतकनीकी संस्थान गांव जाटल में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर एवं योग प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति अपनी जागरूकता और रुचि का परिचय दिया। वहीं, आयुष विभाग के आयुष योग सहायक दिनेश व परमीत ने प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया।

# गहनों के दो चोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने बहरामपुर गांव में घर से सोने, चांदी के गहने, नकदी व मोबाइल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों आशीष पुत्र राधेश्याम व ऋषभ पुत्र बाबूराम निवासी गांव अधमी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर विरेंद्र ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात करना स्वीकारा है। वहीं, चोरी की उक्त वारदात बारे थाना बापौली में बहरामपुर गेट निवासी राजकुमार की शिकायत पर केस दर्ज है। पुलिस ने चोरों को कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

# बिना ट्रीटमेंट छोड़े जा रहे पानी पर मांगी रिपोर्ट, ड्रेनों की होगी गहन मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ सीईटीपी-एसटीपी व्यवस्था की समीक्षा फिल्ड में होगी

पानीपत जिला में जल एवं वायु प्रदूषण की रोकथाम तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सोमवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से जल प्रदूषण की स्थिति, कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की कार्यप्रणाली और ड्रेनों में छोड़े जा रहे अपशिष्ट जल की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में संचालित सीईटीपी एवं एसटीपी की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े सभी बिंदुओं पर तथ्यात्मक एवं अद्यतन पीपीटी तैयार की जाए। उपायुक्त ने विशेष रूप से यह जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए कि किन-किन विभागों, संस्थानों अथवा इकाइयों का पानी बिना उपचार (ट्रीटमेंट) के ड्रेनों अथवा जल स्त्रोतों में छोड़ा जा रहा है।

# पानीपत प्रशासन की फर्जी वोटों पर पैनी नजर

## विशेष गहन पुनरीक्षण से मतदाता सूची होगी और अधिक पारदर्शी: डॉ. वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू करने के उद्देश्य से उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य गंभीरता और पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाया जा सके। डॉ. हरीश ने बताया कि वर्तमान में पुनरीक्षण अभियान के तहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का कार्य लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए डुप्लीकेट वोटों, मृत मतदाताओं तथा अन्य त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों पर विशेष रूप से संज्ञान लिया जाएगा। डॉ. वशिष्ठ ने सभी राजनीतिक दलों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए सभी दलों की सहभागिता आवश्यक है।



**पानीपत।** जिला सचिवालय में प्रेस वार्ता करते उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ।

### नियमानुसार होगी कार्रवाई

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की गलियों में नियमों की अनदेखी कर संचालित किए जा रहे होटलों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ऐसे मामलों पर लगातार नजर बनाए हुए है और जहां कहीं भी नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, वहां आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### बाल संस्कार चेतना शिविर में बच्चों ने गुड-बैड टच के बारे में जाना

पानीपत। श्री राम सेवा दल नूरवाला द्वारा श्रीराम धर्मशाला में तृतीय बाल संस्कार चेतना शिविर अभिनन्दन समारोह के सोमवार को आठवें दिन मुख्य अतिथि रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा एवं श्री कृष्ण आयुष विश्व विद्यालय कुरूक्षेत्र के उप कुलसचिव विकास शर्मा रहे। रजनी शर्मा ने श्री राम सेवा दल के शिविर लगाने पर बधाई देते हुए कहा कि अवकाश के दिनों में बच्चों को अच्छे संस्कार देना बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने शिविर में भाग ले रहे बच्चों को संदेश देते हुए गुड टच-बैड टच के बारे विस्तार से बताया जिससे वह भविष्य में बेहतर जीवन जी सकें। शिविर के चेयरमैन भूषण मदान, श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, यूथ विंग के प्रधान बंटी पुनानी व महिला विंग की प्रधान पायल वधवा ने अतिथियों को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तिलक राज छोकरा, राम स्वरूप चावला, गौरव छोकरा, पूर्व सरपंच सुंदर लाल वधवा, पूर्ण ईश पुनानी, अविनाश पुनानी, प्रिंस सोनी, नरेश आन्नद, गुलशन आनंद, हंस राज, पुनीत छौक्करा, प्रिंस मोंगिया, मनोज चुघ, डा. जितेन्द्र ,राजन छौक्करा, काजल आंनद, शालू वधवा, शशि, प्रीती, वीना, स्वाष्तिक, शिखा, अंकिता, रितू, गीतांजली आंनद, हिमानी खुराना, प्रीति वधवा, दामिनी दूमड़ा, शिल्पा नागपाल, बिंदिया, गीतू सचदेवा व डिंपल आंनद आदि मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं का हल प्राथमिकता से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में नवनियुक्त उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने स्वयं लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डॉ हरीश का उपायुक्त के रूप में यह उनका पहला जनता समाधान शिविर था, जिसमें उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। वहीं, डॉ हरीश ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रशासन को आमजन के द्वार तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। जनता समाधान शिविर केवल शिकायत दर्ज कराने का मंच नहीं, बल्कि समस्याओं के प्रभावी निवारण का सशक्त माध्यम हैं। उपायुक्त ने समाधान शिविर में अनुपस्थित रहने वाले विभागीय अधिकारियों के प्रति कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ जनसुनवाई करते हुए।

# भगवान का स्वरूप है रक्तदाता: डॉ. सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला रेडक्रास सोसाइटी, पानीपत के परिसर में सोमवार को हरियाणा रैडक्रास महासचिव डॉ. सुनील कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि जिला रेडक्रास सोसाइटी परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और कम्प्यूटर प्रशिक्षण कर रहे प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरण समारोह में शिरक्त की और आमजन की सुविधा को देखते हुए आधार केन्द्र की शुरुआत की। इस दौरान सचिव, गौरव रामकरन, जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. पूजा सिंघल आदि ने स्वागत किया। डॉ. सुनील ने कहा कि रक्तदाता भगवान का स्वरूप होता है।




**पानीपत।** हरियाणा रेडक्रास महासचिव डॉ. सुनील कुमार रक्तदात को बैज लगाते हुए।

### आरोपी पर पोक्सो एक्ट में केस दर्ज

पानीपत। पानीपत के एक गांव में ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहे 10 वर्षीय बच्चे को अकेला पाकर 35 वर्षीय पड़ोसी राकेश ने उसे पकड लिया और उसे हत्या की धमकी देकर सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं, वारदात का खुलासा तब हुआ जब दोपहर के समय मां ने बच्चे के खून से सने कपड़े देखे। इधर, घटना की सूचना मिलने पर थाना चांदनी बाग पुलिस गांव में पहुंची और बच्चे से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने पीडित बच्चे की मेडिकल जांच करवाई और उसके बयान दर्ज किए। वहीं, पुलिस ने आरोपी राकेश पर पोक्सो एक्ट समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज किया। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि राकेश विकृत मानसिकता का है और चार माह पहले की उसने पीडित बच्चे से कुकर्म करने की चेष्टा की थी।

## मुख्यमंत्री व विधायक का जन सेवा दल के पदाधिकारियों ने आभार जताया

# जन सेवा दल को 10 लाख की अनुदान मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज का जन सेवा दल ने हृदय से आभार व्यक्त किया है। जन सेवा दल पिछले 46 वर्षों से मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा सिविल अस्पताल में मरीजों को चाय, ब्रेड, दूध, दोपहर का भोजन, शाम का दूध एवं खिचड़ी उपलब्ध करवाई जाती है। जरूरतमंद मरीजों को दवाइयों की सुविधा, रक्त उपलब्ध करवाना, एंबुलेंस सेवा तथा विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सहायता भी प्रदान की जाती है। संस्था प्रत्येक माह लगभग 300 विधवा एवं जरूरतमंद माताओं को राशन वितरित करती है। गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग, सिलाई मशीन वितरण, विद्यार्थियों की फीस सहायता, ऑपरेशन के लिए आर्थिक मदद तथा आपदा के समय राहत कार्यों में भी जन सेवा दल अग्रणी भूमिका निभाता है। रक्तदान शिविर, नेत्र जांच शिविर, मेडिकल कैंप, नेत्रदान एवं देहदान जागरूकता अभियान भी संस्था की प्रमुख सेवाओं में शामिल हैं। जन सेवा दल द्वारा संचालित अपना आशियाना में वर्तमान में लगभग 65 बुजुर्ग, मंदबुद्धि एवं दिव्यांगजन रह रहे हैं।



**पानीपत।** जन सेवा दल के सदस्य अनुदान राशि मिलने पर विधायक प्रमोद विज पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आश्रम के लिए 200 बेड उपलब्ध करवाने का आश्वासन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद तथा वेंगध्वेगी योजना के अंतर्गत पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज द्वारा जन सेवा दल के अपना आशियाना के लिए 10 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त विधायक प्रमोद विज ने आश्रम के लिए 200 बेड उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया है। वहीं जन सेवा दल के प्रधान कृष्ण मनचंदा, सचिव चमन गुलाटी व संस्था के सेवादारों ने विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक प्रमोद विज का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

**कार्यालय तहसीलदार -कम- सब - रजिस्ट्रार पानीपत**

**विनित पुत्र श्री शम्मी मेहता निवासी मकान नं. 1387 नजदीक खेड़ा चौक कृष्णपुरा तहसील व जिला पानीपत हरियाणा व आदि**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि विनित पुत्र श्री शम्मी मेहता निवासी मकान नं. 1387 नजदीक खेड़ा चौक कृष्णपुरा तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व. श्रीमति रामा मेहता पत्नी श्री शम्मी मेहता का दिनांक 01.05.2024 को देहान्त हो चुका है। मृतक स्व. श्रीमति रामा मेहता पत्नी श्री शम्मी मेहता के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. विनित (पुत्र) 2. पुनीत मेहता (पुत्र) ही जायज वारिस हैं इसके अलावा कोई अन्य वारिस व वारसान ना है। पार्षद रजनी सुरेन्द्र गर्ग व हल्का पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारसान की तसदीक की है।

उपर दर्शाये गये वारसानों के अलावा मृतक स्व. श्रीमती रामा मेहता पत्नी श्री शम्मी मेहता का अन्य कोई वारिस/ उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्रीमति रामा मेहता पत्नी श्री शम्मी मेहता के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 08.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप

### 12 को होगी कष्ट निवारण समिति की बैठक

**अंबाला।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 12 जून को बाद दोपहर 4 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में होगी। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि मीटिंग की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। उन्होंने बताया कि मीटिंग का एजेंडा भी पूरा कर लिया गया है। इस दौरान सूचीबद्ध शिकायतों पर ही सुनवाई की जाएगी।

### कलाम बाल आश्रम में किया पौधरोपण

**जींद।** प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में कलाम बाल आश्रम में पौधारोपण किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित सिहाग ने बताया कि पर्यावरण जीवन का आधार है। यह हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, पीने के लिए स्वच्छ जल तथा खाने के लिए भोजन प्रदान करता है। पेड़ व पौधे और वन पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित रखते हैं तथा समय पर वर्षा लाने में सहायक होते हैं। यह लाखों पशु व क्षियों और कीटों का प्राकृतिक आवास भी हैं।

### आर्य गुरुकुल में योग शिविर का समापन

**जींद।** गांव अहिरका के आर्य गुरुकुल में आयोजित किया जा रहा योग शिविर संपन्न हो गया। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा व आर्य वीर दल वेद प्रचार विभाग गुरुकुल कुरुक्षेत्र के तत्वावधान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा था। इसमें मुख्यातिथि के रूप में आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मवीर आर्य व वशिष्ठ अतिथि सभा मंत्री विजयपाल आर्य की अध्यक्षता में गुरूकुल कुरूक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग पहुंचे।

### सुरेंद्र सिंह प्रधान और अश्वनी बने सचिव

**जींद।** सफीदों उप केंद्र के मंदिर प्रांगण में हरियाणा रोडवेज जागृति मंच यूनियन की बैठक हुई। बैठक का संचालन राज्य कमेटी के पदाधिकारी विक्रम खान व फूल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता राज्य प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की। सुरेंद्र सिंह बुड्ढाखेड़ा को प्रधान, सचिव अश्वनी कुमार, सह सचिव मुकेश, उप प्रधान मुकेश, वरिष्ठ उप प्रधान जयवीर सिंह, खजांची संदीप बागड़, सह खजांची राजेंद्र, प्रेस प्रवक्ता राजेश, सह प्रेस प्रवक्ता कुलदीप, प्रेस सचिव वीरेंद्र, कुलदीप, ऑडिटर नीरज, सह ऑडिटर राजेश, संगठन सचिव श्रीभगवान चुना गया।

### सत्संग भवन का टूटा ताला आभूषण तथा सामान चोरी

**जींद।** आर्य उपनगर नरवाना में बीती रात चोरों ने सत्संग भवन का ताला तोड़ कर पांच चांदी के छतर, सोने की नाथ तथा बर्तनों को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला किया है।
आर्य उपनगर नरवाना निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मकान के सामने सत्संग भवन है।

---

### गैरकानूनी तरीके से कनेक्शन लेने वाले परिवारों की सप्लाई भी बंद

# बोड़ाखेड़ा में पानी के अवैध कनेक्शनों पर कड़ी कार्रवाई, दो दर्जन से ज्यादा काटे

### अधिकारी बोले, पानी कनेक्शन के लिए करना होगा आवेदन, अवैध कनेक्शनों के जरिए हो रही थी पानी की बर्बादी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण एवं सभी उपभोक्ताओं तक समान रूप से पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव बोड़ाखेड़ा में अवैध पानी कनेक्शनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब दो दर्जन अवैध जल कनेक्शनों को काटा गया। इन कनेक्शनों के जरिए न केवल पानी की बर्बादी हो रही थी बल्कि विभाग को भी राजस्व को नुकसान हो रहा था। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण भूजल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। इससे कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। अवैध कनेक्शनों के कारण जल की अनावश्यक बर्बादी होने से आम उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई है। कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान ने कहा कि पानी एक अमूल्य प्राकृतिक संसाधन है। इसकी प्रत्येक बूंद को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पानी का सदुपयोग करें। किसी भी प्रकार का अवैध जल कनेक्शन न लें। एसडीओ अंकुश सहगल, जेई नरसिंह तथा बीआरसी इकबाल मोहम्मद उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए वर्षा जल संचयन, पानी की बर्बादी रोकने तथा जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश भी दिया। एसडीओ अंकुश सहगल ने बताया कि अवैध कनेक्शनों के कारण जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है। अंतिम छोर तक पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे कनेक्शन विभाग को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ जल संरक्षण के प्रयासों को भी प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कनेक्शनों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। जेई नर सिंह ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सभी उपभोक्ता अपने पेयजल कनेक्शन नियमित करवाएं तथा पेयजल का उपयोग केवल घरेलू आवश्यकताओं के लिए करें। उन्होंने कहा कि पेयजल का उपयोग वाहन धोने, बाग-बगीचों की सिंचाई अथवा अन्य गैर-घरेलू कार्यों में न करें तथा पानी की एक-एक बूंद को बचाने में सहयोग दें। विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभागीय नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक उपभोक्ता तक स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से अवैध कनेक्शनों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।


**शहजादपुर।** पानी के अवैध कनेक्शन काटते विभागीय कर्मचारी।

#### चलेगा कनेक्शन काटने का अभियान

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पानी बचाने व राजस्व को हो रहे नुकसान की भरपाई के लिए निरंतर अवैध कनेक्शनों को काटने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से इन कनेक्शनों के जरिए पानी की भारी बर्बादी हो रही थी। पानी के संरक्षण के लिए ऐसे अवैध कनेक्शनों को काटना बेहद जरुरी है। उन्होंने बताया कि उन परिवारों के भी कनेक्शन काटने जा रहे हैं जिन्होंने विभाग की बजाय खुद ही कनेक्शन ले लिया था। न तो ये परिवार पानी के बिल का भुगतान कर रहे थे न ही विभागीय गाइडलाइन की पालना कर रहे थे। ऐसे में विभाग की ओर से कई परिवारों की पेयजल आपूर्ति को बंद कर दिया गया है।

#### पिछले दिनों काटे गए थे 16 कनेक्शन

जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान ने बताया कि पानी के अवैध कनेक्शन काटने का काम पूरे जिले में चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब हर गांव में विभागीय कर्मचारी ऐसे कनेक्शन काटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों ही विभाग की ओर से 16 कनेक्शन काटे गए थे। उन्होंने बताया कि अब बिना आवेदन के किसी को भी गैरकानूनी तरीके से पानी का कनेक्शन नहीं मिलेगा। इसके लिए विभागीय आदेशों की पालना करनी होगी।

---

# सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने वालों पर होगी पहचान

- शहर को स्वच्छ बनाने में जनता दे सहयोग, कूड़ा गाड़ियों में ही डालें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा**


**बराड़ा।** सड़कों पर फैले कूड़े का दृश्य।

नगर पालिका की ओर से शहरवासियों, वार्ड निवासियों तथा दुकानदारों से स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है। नगर परिषद प्रशासन शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है, लेकिन शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में आम जनता की भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। सचिव मोहित सैनी ने कहा कि तभी शहर को साफ, सुंदर और स्वच्छ बनाया जा सकता है जब नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सफाई व्यवस्था में सहयोग करें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे घरों व दुकानों का कूड़ा केवल नगर परिषद की कूड़ा संग्रहण गाड़ियों में ही डालें तथा सड़कों, डिवाइडरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने से परहेज करें। उन्होंने बताया कि नगर पालिका को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि सफाई कर्मचारी क्षेत्र की सफाई करने के कुछ ही समय बाद कुछ लोग दोबारा सड़कों, डिवाइडरों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंक देते हैं, जिससे शहर की सुंदरता प्रभावित होती है और गंदगी फैलती है। नगर पालिका सचिव ने चेतावनी देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने वालों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर कोई समस्या या दिक्कत आती है तो नागरिक तुरंत नगर पालिका प्रशासन को सूचित करें, ताकि प्राथमिकता के आधार पर उसका समाधान करवाया जा सके। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर के निर्माण में नगर परिषद का सहयोग करें तथा सफाई व्यवस्था को सफल बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उधर नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने कहा कि स्वच्छ शहर केवल प्रशासन के प्रयासों से नही बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को साफ-सुथरा और स्वस्थ वातावरण मिल सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कूड़ा निर्धारित स्थानों और कूड़ा संग्रहण वाहनों में ही डालें तथा सड़कों, डिवाइडरों और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने से बचें। रजत मलिक ने कहा कि स्वच्छता को अपनी आदत बनाकर ही हम शहर को सुंदर और विकसित बना सकते हैं।

---

# योग दिवस की तैयारियां शुरू, विभागीय अधिकारियों ने की फेडरेशन से की बैठक

- बच्चों को मिलेगी टी शर्ट के साथ कैप, पानी की होगी व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर आयुष विभाग के अधिकारियों ने आज योगा फेडरेशन के प्रधान राजिंदर विज से मुलाकात की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। चर्चा के दौरान राजिंदर विज ने अधिकारियों से सुझाव दिया कि इस बार बच्चों को शर्ट की बजाय टोपी, रुमाल, रिफ्रेशमेंट की अतिरिक्त पानी की बोतल वितरित किए जाएं, ताकि वे भीषण गर्मी से बच सकें। उन्होंने कहा कि जून माह में तापमान अधिक रहता है, ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव जरूरी है। अधिकारियों ने प्रधान के सुझाव को सराहा और कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चों की सुविधा व सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। बैठक में योग दिवस पर होने वाले सामूहिक योगाभ्यास, प्रतियोगिताओं और सम्मान समारोह की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। योगा फेडरेशन के प्रधान को उन्होंने 2025 में पूरे प्रदेश में हुए तमाम योगा कार्यक्रमों की एक कैटलॉग भी प्रदान की। विज ने कहा कि योगा फेडरेशन आयुष विभाग के साथ मिलकर योग दिवस को भव्य रूप से बनाने का पूरा प्रयास करेगा।

#### यूट्यूब चैनल पर होगा फ्री टेलीकास्ट

इसके अतिरिक्त आने वाली 14 जून सुबह 5:15 से योगा फेडरेशन, लाल कोठी हाउसिंग बोर्ड, अंबाला छावनी के वैलनेस सेंटर से हर रोज सुबह विभिन्न आसान और विभिन्न बीमारियों पर योग यूट्यूब पर फेडरेशन के संयुक्त सचिव राजेश बंजोला के द्वारा फ्री टेलीकास्ट किया जाएगा जिससे कि आप घर बैठे भी योग की क्लास के साथ-साथ आप भी योग कर सकते हैं।

### नायब तहसीलदार ने शिविर में सुनी शिकायतें

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन जसविंदर सिंह बख्तुआ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नायब तहसीलदार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनहित से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कपड़ा कारोबारियों की मांग पूरी, अग्रसेन चौक से हनुमान मंदिर तक बनेगी सड़क

- मेयर से विधिवत रूप से शुरू कराया सड़क निर्माण कार्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**


**अंबाला।** मेयर अक्षिता सैनी का अभिनंदन करते कपड़ा कारोबारी। *फोटो : हरिभूमि*

अंबाला शहर की प्रमुख होलसेल कपड़ा मार्केट में अब विकास की नई शुरुआत हो गई है। लंबे समय से सड़क की समस्या से जूझ रहे व्यापारियों और ग्राहकों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। मार्केट में कंक्रीट की पक्की सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस विकास कार्य का उद्घाटन मेयर अक्षिता सैनी और वार्ड नंबर-11 की सदस्य कविता सैनी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल सहित कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि कपड़ा मार्केट में हरियाणा के अलावा पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली सहित कई राज्यों से प्रतिदिन हजारों व्यापारी और ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। लंबे समय से यहां की सड़कों की खराब स्थिति और जलभराव की समस्या को दूर करने की मांग उठाई जा रही थी।

---



### लघु नाटिकाओं से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अंबाला** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीनियर सिटीजन काउंसिल पंचकूला द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में काउंसिल के कलाकारों ने पर्यावरण विषय पर आधारित नाटक, गीत एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सदस्यों को जागरूक और प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भी अपनी लघु नाटिकाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही 22 मई को आयोजित पर्यावरण विषयक पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री अजय शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन तथा हरित जीवनशैली अपनाने के महत्व पर अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक जानकारी दी। उनके विचारों की सभी उपस्थितजनों ने भरपूर सराहना की।काउंसिल के महासचिव श्री अविनाश मेहता ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण विषय पर इस प्रकार का कार्यक्रम सीनियर सिटीजन काउंसिल में पहली बार आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सदस्यों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है तथा अनेक सदस्यों ने इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताते हुए प्रतिवर्ष आयोजित करने का सुझाव दिया।कार्यक्रम में कुल 135 सदस्यों ने भाग लिया।

# तीन अवैध निर्माणों पर चली जेसीबी विभाग ने गांव खुड्डी में की कार्रवाई

- डीलरों के बहकावे में न आकर अवैध कॉलोनियों में न खरीदे जमीन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा ने गांव खुड्डी (एचबी 97) में अवैध रूप से लगभग 1.5 एकड़ भूमि पर निर्मित 3 अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की कार्रवाई अमल में लाई गई। यहां अवैध निर्माणों को पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक कौशिक, क्षेत्रान्वेषक रविंद्र व पुलिस बल के साथ एसएचओ भी उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि प्रोपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदें। उन्होंने लोगों से कहा कि वे ऐसे अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदने के बाद किसी तरह का निर्माण न करें। अगर रोक के बावजूद किसी ने इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदकर निर्माण करने की कोशिश की तो उसे तोड़ दिया जाएगा।


**अंबाला।** अवैध निर्माण को ढहाती जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*



### श्रद्धापूर्वक मनाई समुद्र सूरी की 49वीं पुण्यतिथि

**अंबाला।** शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल ने गुरुदेव समुद्र सूरी महाराज की 49वीं पुण्यतिथि को पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। प्रबंधक समिति के सदस्यों ने 49 दीपक जलाकर और इस सम्मानित आध्यात्मिक गुरु की नेक शिक्षाओं और अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि समारोह सुबह 9:00 बजे स्कूल परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें मैनेजमेंट के सदस्यों, प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत और स्टाफ ने गुरुदेव के प्रति प्रार्थना की और आभार व्यक्त करते हुए नमन किया। यह अवसर उनकी स्थायी विरासत और समाज में उनके द्वारा प्रेरित मूल्यों की याद दिलाने वाला था। प्रबंधक समिति के सम्मानित सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन और प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने गुरुदेव के श्रद्धा भाव व्यक्त किया और गुरुदेव द्वारा दिखाए गए ज्ञान, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने के अपने संकल्प को दोहराया।

---

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी लोगों की शिकायतें

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आम नागरिकों की शिकायतों को सुनने का काम किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे प्रत्येक प्रार्थियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि समाधान शिविर लगाने का उदेश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इसी के साथ उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करते है। एसडीएम ने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार का विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### स्वस्थ्य जीवनशैली के लिए हुई साइक्लोथॉन

**अंबाला।** रेलवे कर्मियों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से डिविजनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। रेल विहार कॉलोनी में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में रेलकर्मियों और आरपीएफ जवानों ने भाग लिया। साइक्लोथॉन की शुरुआत कैंट स्थित ऑफिसर्स क्लब, रेल विहार से हुई। मंडल रेल प्रबंधक विनोद भाटिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। साइक्लोथॉन में भाग लेकर सभी प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इस दौरान वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी चंद्रकांत मोंगरे सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक ने नगोली में किया विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

# मोदी के नेतृत्व में देश ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धियां : सैनी

### नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों की गांव-गांव में जाकर लोगों को देंगे जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर**


**शहजादपुर।** विकास योजनाओं का उद्घाटन करते पूर्व विधायक।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने गांव नगोली में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने पूर्व विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व उनका आभार व्यक्त किया। सैनी ने कहा नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों की गांव-गांव में जाकर जानकारी देंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पवन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याण और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सरकार की नीतियों का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराया जा सके। डॉ. सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं। आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए आर्थिक संबल बनी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।